## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–13.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत अग्निकांड से प्रभावित भारतीयों को हरसंभव सहायता का दिया निर्देश, श्री मोदी ने मृतक के निकटतम आश्रितों को दो–दो लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

- मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का निर्देश– राज्य में समय पर म्यूटेशन प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले अंचलाधिकारियों पर होगी कार्रवाई।

- पलामू और कोल्हान प्रमंडल में आज और कल भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी, 17 जून के बाद राज्य के कुछ हिस्सों में हो सकती है बारिश।

- अमेरिका में खेले जा रहे टी–20 विश्वकप क्रिकेट में मेजबान को हराकर सुपर–आठ में पहुंची भारतीय टीम।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल अपने आवास पर हुई एक बैठक में कुवैत आग हादसे की समीक्षा की। इस हादसे में 40 भारतीय नागरिकों की मौत की खबर पर श्री मोदी ने गहरा दुख प्रकट किया और मृतको के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। श्री मोदी ने इस हादसे में मारे गये भारतीय नागरिकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिये जाने की भी घोषणा की।

**********************

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि आवेदन देने के तीस दिनों के भीतर म्यूटेशन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। बेवजह म्यूटेशन को लटकाने वाले अंचलाधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी जिला उपायुक्तों को इस संबंध में प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कल एक समीक्षा बैठक में कहा कि कई इलाकों में जमीन की गलत तरीके से खरीद–बिक्री के मामले सामने आ रहे हैं। इस पर हर हाल में रोक लगाने की जरूरत है। इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ आवास योजना में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

**********************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज रांची की ट्रैफिक व्यवस्था और निर्माणाधीन फ्लाईओवर की समीक्षा करेंगे। दोपहर बारह बजे से प्रोजेक्ट भवन में समीक्षा बैठक शुरू होगी। बैठक में पथ निर्माण विभाग के अधिकारी, रेलवे के डीआरएम और रांची के उपायुक्त भी शामिल होंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री राज्य में नियुक्ति और पेसा नियमावली की समीक्षा भी करेंगे।

**********************

भारतीय जनता पार्टी के नेता पेमा खांडू को आज अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह दिन के 11 बजे ईटानगर के दोरजी खांडू सम्मेलन केन्द्र में होगा। श्री खांडू ने कल शाम राजभवन में राज्यपाल केटी पटनायक से भेंट कर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया था। शपथ ग्रहण समारोह में गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी महासचिव बीएल संतोष आज शामिल होंगे।

**********************

केंद्र द्वारा अधिसूचित तीन नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई से राज्य में लागू होंगे। आम लोगों को इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देने के लिए आज रांची के प्रेस क्लब में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी राजेष सिन्हा ने बताया कि नए कानून में आम लोगों के लिए ई–एफआईआर का प्रावधान है।

**********************

चतरा जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत करिलगड़वा में कल सड़क निर्माण कार्य में लगी फ्लोरी मशीन को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। पांच महीने के अंदर कुन्दा थाना क्षेत्र में नक्सलियों की यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। घटना की जानकारी देते हुए चालक ने बताया कि निर्माण स्थल पर नक्सलियों ने अचानक धावा बोलकर पहले मशीन को अपने कब्जे में ले लिया, फिर उससे मोबाइल फोन छीनकर मशीन में आग लगा दी। इस वारदात को बीस से पच्चीस नक्सलियों ने अंजाम दिया है। इधर जिले के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने कहा है कि नक्सलियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

**********************

एमपी–एमएलए कोर्ट के विषेष न्यायाधीष सार्थक शर्मा की अदालत में कल गुमला विधायक भूषण तिर्की सहित छह आरोपियों से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। इनके आरोप गठन पर अदालत अब एक जुलाई को सुनवाई करेगी। विधायक श्री तिर्की ने इस मामले में डिस्चार्ज याचिका दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया।

**********************

लोकसभा चुनावों के बाद गोड्डा जिले में विकास कार्यों में तेजी आने लगी है। जिले को सुंदरपहाड़ी मुख्य मार्ग पर पथरा चौक से नूनबट्टा तक की सड़क परियोजना की सौगात मिली है। इसके पूरा होने से पांच पंचायत के दर्जनों गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। जिले का यह क्षेत्र सब्जी उत्पादन में अग्रणी है। सांसद की पहल पर इस सड़क को पीडब्ल्यूडी विभाग बनाएगा। करीब 14 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण के लिए टेंडर निकाला जा चुका है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**********************

जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बारीडीह बाजार के न्यू लाइन में पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलिस और स्थानीय लोगों के अनुसार वह क्षेत्र में घूम–घूम कर प्लास्टिक चुनता था। लोगों का मानना है कि लू लगने के कारण उसकी मौत हुई है। बता दें कि इस वर्ष जमशेदपुर में आधा दर्जन से ज्यादा लोग लू की चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुके हैं।

**********************

हजारीबाग के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने कल से धन्यवाद यात्रा की शुरुआत की है। इसकी शुरुआत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से हुई। इस दौरान कई जगहों पर सांसद का स्वागत किया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मैं लोकसभा क्षेत्र की जनता की सहायता के लिए हरसमय उपलब्ध रहूंगा। वहीं जनहित से जुड़े हर छोटे–बड़े कार्यों को निष्ठापूर्वक पूरा करने का प्रयास करूंगा।

**********************

रांची के विभूति भूषण राय के पास कई देशों के नोट, माचिस की डिब्बी और सिक्कों का विशाल संग्रह है।

**********************

झारखंड भीषण गर्मी की चपेट में है। लू से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने लोगों को बेवजह घर से नहीं निकलने का आग्रह किया है। विभाग ने आज और कल के लिए पलामू और कोल्हान प्रमंडल में हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है। शेष जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों में राज्य के चार जिलों का तापमान चौवालिस डिग्री सेल्सियस पार कर गया। वहीं राजधानी रांची में अगले दो दिनों तक आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

**********************

भारत ने अमेरिका में चल रहे टी–20 क्रिकेट विश्वकप में ग्रुप ए के मैच में मेजबान टीम को सात विकेट से हराकर सुपर – आठ के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अमेरिका में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवरों में आठ विकेट खोकर एक सौ दस रन बनाए। भारत की ओर से गेंदबाज अर्षदीप सिंह ने चार विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम अठारह ओवर और दो गेंदों में तीन विकेट के नुकसान पर जीत के लिए आवश्यक एक सौ ग्यारह रन बना लिए। सूर्य कुमार यादव ने अविजित पचास रन बनाए।

**********************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने कुवैत की एक इमारत में आग लगने से चालीस भारतीयों की मौत और झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की समीक्षा बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है– कुवैतः इमारत में आग, 40 भारतीयों की मौत, मोदी ने मदद के लिए मंत्री भेजा।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बेवजह 90 दिन से ज्यादा म्यूटेशन लटकाने वाले सीओ अब नपेंगे, सीएम बोले–डीसी कार्रवाई का प्रस्ताव भेजें।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री के हवाले से खबर दी है कि –समय पर पूरी करें म्यूटेशन प्रक्रिया।

दैनिक हिन्दुस्तान लिखता है–कुवैत में 40 भारतीय जिंदा जले।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है–अबुआ आवास व रोजगार सृजन योजना की धीमी गति से नाराज।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने चंद्रबाबू नायडू और मोहन चरण माझी के शपथ ग्रहण की खबर को प्रमुखता दी है।

**********************